# प्रधानमंत्री की यात्रा तक कर्मचारी-अधिकारियों के अवकाश पर पाबंदी

**बीकानेर,** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 22 मई की प्रस्तावित बीकानेर यात्रा के मद्देनजर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने रविवार को व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे जुड़े सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि स्वयं मुख्यमंत्री ने बीकानेर आकर इसकी पूरी तैयारियां देखी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके मद्देनजर इसकी गंभीरता को समझना तथा आदेशों की पूर्ण गंभीरता से पालना करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा तक कोई भी कर्मचारी-अधिकारी अवकाश नहीं लेगा तथा मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। प्रत्येक आदेश की अक्षरशः पालना हो। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों के अनुरूप अब तक की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि गर्मी के मद्देनजर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सभा स्थल पर प्रवेश, निकास, बैठक, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा, पास जारी करने सहित प्रत्येक बिन्दु के बारे में जाना। जिला कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री की यात्रा के मद्देनेनजर जिला स्तर पर 19 मई से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा। यह नियंत्रण कक्ष राउंड दा क्लॉक कार्य करेगा। इसके माध्यम से सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान किया जायेगा। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक दवाईयां, ओआरएस एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



प्रधानमंत्री की प्रस्तावित देशनोक यात्रा को लेकर बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने अधिकारियों की बैठक ली।

**देशनोक स्टेशन का निरीक्षण :** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने बीकानेर जिले के देशनोक रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। यह दौरा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा के लिए किया गया। इस अवसर पर जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी, बीकानेर मंडल के डीआरएम आशीष कुमार, रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी एवं दोनों मंडलों के संबंधित विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने 22 मई को संभावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकार्पण कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सभी निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन भवन, वेटिंग हॉल, रिटायरिंग रूम, पोर्च, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया सहित अन्य सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। करीब 14.18 करोड़ रूपये की लागत से पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है, जिनमें यात्रियों के लिए नया स्टेशन भवन, पुरुष-महिला व दिव्यांग जन हेतु शौचालय, पार्किंग, पोर्च, कोच पोजीशन, डिस्पले बोर्ड, जल बूथ, साइन बोर्ड, प्लेटफॉम शेल्टर्स आदि शामिल हैं।

- कलेक्टर ने अब तक की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि गर्मी के मद्देनजर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए
- उन्होंने सभा स्थल पर प्रवेश, निकास, बैठक, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा, पास जारी करने सहित प्रत्येक बिन्दु के बारे में जाना

प्रवेश एवं निकास को सुव्यवस्थित बनाते हुए अलग-अलग गेट की व्यवस्था की गई है। साथ ही स्टेशन परिसर में साफ-सुथरा और सौंदर्यीकृत सर्कुलेटिंग एरिया यात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान करेगा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारी दल ने स्टेशन की कार्य प्रगति से संतोष व्यक्त किया और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। पुनर्विकसित स्टेशन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकार्पण प्रस्तावित है, जिसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है।

## दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। किशोरी से दुष्कर्म के दोषी युवक को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। यह फैसला पोक्सो मामलों की विशेष अदालत संख्या 2 ने सुनाया।

प्रकरण में दोषी मनीष कुमार को 20 साल के कठोर कारावास व 1.70 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई। जुर्माना अदा नहीं करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला घड़साना थाना क्षेत्र का है। एसपीपी हरवीर सिंह बराड़ ने बताया कि पीड़िता के पिता ने घड़साना थाने में 9 अप्रैल 2023 को नाबालिगा के अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया था। एफआईआर के अनुसार किशोरी घड़साना थाना क्षेत्र के एक गांव के स्कूल में 12वीं क्लास में पढ़ती थी।

किशोरी के पिता ने बताया कि दोषी मनीष कुमार बार-बार फोन करके किशोरी पर शादी के लिए दबाव बनाता था। 6 अप्रैल 2023 की रात को दोषी मनीष कुमार किशोरी का अपहरण कर ले गया। परिवार के सदस्य 7 अप्रैल 2023 को उठे तो नशे की हालत में थे। किशोरी के अपहरण के साथ घर से दस तोला सोने के आभूषण और 25,000 रूपये भी गायब हुए। 9 अप्रैल 2023 को घड़साना थाना में केस दर्ज करवाया गया।

एसपीपी हरवीर सिंह बराड़ ने बताया कि पुलिस ने दोषी की तलाश जोधपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा दिल्ली में भी की। किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया। जांच में सामने आया कि दोषी मनीष कुमार ने नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म किया और लगातार जगह बदलता रहा। एसपीपी बराड़ ने बताया कि इस मामले में कई गवाहों के बयान दर्ज हुए।

## सार-समाचार

### 'मांय वीर रस' संगोष्ठी आयोजित



राजस्थानी साहित्य 'मांय वीर रस' संगोष्ठी में अनिल सक्सेना को पुस्तक भेंट करते बुलाकी शर्मा।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी और राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम, चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को अकादमी सभागार में 'राजस्थानी साहित्य मांय वीर रस' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने राजस्थानी साहित्य में वर्णित वीरों-वीरांगनाओं के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए इनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार-साहित्यकार अनिल सक्सेना ने कहा कि राजस्थानी साहित्य में हमारे प्रदेश के गौरवशाली अतीत व महान संस्कृति के साक्षात दर्शन होते हैं। उन्होंने राजस्थानी साहित्यकारों से भारतीय सेना के शौर्य पर अपनी कलम चलाने हेतु आग्रह किया। सक्सेना ने राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम द्वारा चलाये जा रहे साहित्यिक आंदोलन की जानकारी देते हुए युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक किताबें पढ़ने तथा भारतीय संस्कृति को आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि परिजनों को अपने बच्चों को राजस्थानी में पढ़ने-लिखने हेतु प्रेरित करना चाहिए। मुख्य अतिथि बुलाकी शर्मा ने कहा कि राजस्थानी साहित्य में पद्य के साथ-साथ गद्य साहित्य में भी वीर रस पर विपुल मात्रा में सृजन-कार्य हुआ है। उन्होंने इस दिशा में गंभीर शोध कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने विश्वास जताया कि राजस्थानी को मान्यता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. इन्द्रसिंह राजपुरोहित, राजेन्द्र जोशी, ओमप्रकाश सोनगरा, महेश उपाध्याय, डॉ. मूलचंद बोहरा, कासिम बीकानेरी, श्रीनिवास थानवी, केशव जोशी आदि उपस्थित थे।

### डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली सम्मानित



डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल भारतीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था द्वारा पुष्कर में आयोजित राष्ट्रीय सम्माान समारोह में बीकानेर के शिक्षाविद् एवं नेशनल कॅरिअर काउंसलर डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर राष्ट्रीय शिक्षाविद् सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विधुशेखर देव और सचिव कैलाश त्रिवेदी ने बताया कि अखिल भारतवर्षीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज पुष्कर द्वारा दिया जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षाविद् सम्मान बीकानेर के शिक्षाविद् डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली को इस वर्ष दिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि आरएएस अधिकारी ऋषिबाला श्रीमाली के साथ ही राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधिपति चन्द्रप्रकाश श्रीमाली को समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि डॉ. श्रीमाली को भारत सरकार के नेशनल कॅरियर सर्विस (एनसीएस) द्वारा प्रमाणित नेशनल कॅरियर काउंसलर के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा वे काउंसलर काउंसिल ऑफ इंडिया (सीसीआई) के राजस्थान चैप्टर के प्रभारी भी हैं। उनको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

### कवि चौपाल नेमचंद को समर्पित

**बीकानेर,** (कासं)। स्वास्थ्य एवं साहित्य संगम के राष्ट्रीय कवि चौपाल की 516 वीं कड़ी साहित्य नेमचंद गहलोत को समर्पित रही। आज कीर्ति-स्मृति सभा 2 में साहित्य स्नेहिल सरस्वती पुत्र, राष्ट्रीय कवि चौपाल कालजयी दिल.. निश्छल, कर्मठ, भामाशाह, नेमचंद गहलोत साहब के व्यक्तित्व कृतित्व पर स्वामी विमर्शानन्द महाराज ने कहा उनमें मातृवत करूणा थी, पितृवत कठोरता भी, आचार्यवत कट्टर निष्ठा थी .. तीनों हमें साहित्य प्रेरणा देती है। शोक को अशोक बनाना,अंतस अव्यक्त को व्यक्त करना साहित्यकार का काम है। सत्यप्रकाश आचार्य ने कहा व्यक्ति आते हैं जाते हैं पर गुणगान उन्हीं के जो अद्वितिय रच जाते हैं। गहलोत के संस्मरण साझा करते हुए राजस्थानी भाषा के मर्मज्ञ कमल रंगा ने एक यथार्थ सार बात और कही नेमजी की वृति कृति स्मृति पर स्मारिका निकाली जाए और पुरस्कार सम्मान भी। शायर कासिम बीकानेरी में उन्हें साहित्य संस्कृति एवं कला का पोषण करने वाला नेक इंसान बताया। सरदार अली परिहार ने कहा कि उन्होंने साहित्य की बेहतरीन खिदमत की। जुनून में साहित्य जगत में अमर हो गए। रामेश्वर साधक ने श्रृद्धांजलि एक दोहे में व्यक्त करते हुए कहा कर कृपा, कृपा निधान.. दिवंगत नेकनीयत जीव पर। दिव्यात्मा रहे.. तेरे चरणों में कर दया-क्षमा.. तूं इस अदीब पर.. शिव दाधीच ने नेमीचंद जिनको ये जमाना याद रखेगा, बहुत कुछ भूलकर भी उनकी सेवा याद रखेगा।।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। यहां रेलवे ग्राउंड में 31वीं डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेघवाल समाज लेदर बॉल जिलास्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। जिलेभर की 16 टीमों की भागीदारी के साथ शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें बड़ी जस्सोलाई सीनियर क्लब और पाबूबारी जूनियर डीएच क्लब ने शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल, शिक्षाविद सोहनलाल गोयल, एडवोकेट मेघराज परिहार मौजूद थे।

## श्रीगंगानगर में भीषण गर्मी का दौर जारी, बाजारों सन्नाटा पसरा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)।जिले में भीषण गर्मी का दौर जारी है। लगातार चौथे दिन अधिकतम तापमान प्रदेश में सर्वाधिक रहा है। गर्मी के प्रभाव के चलते दोपहर बाजार में चहल-पहल कम रही। वहीं सड़कों पर भी कम ही वाहन दिखाई दे रहे हैं। अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री बढ़कर 46 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री बढ़कर 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। बड़ी बात यह है कि सुबह 9 बजे अधिकतम तापमान 36 डिग्री था। वहीं, रात 9:30 बजे भी यह तापमान 37 डिग्री रहा है। दिनभर लू के थपेड़ों की वजह से आम जनजीवन पर असर पड़ने लगा है।

वहीं सोमवार को उष्ण लहर व 20 व 21 मई को मेघ गर्जन/ वज्रपात व 40-50 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी तीन-चार दिन ऐसा ही मौसम बना रहने व हीटवेव का प्रभाव रहने की आशंका व्यक्त की है। जिले में वर्ष 2019 में 30 मई को अधिकतम पारा 49.6 डिग्री तक रह चुका है। यही स्थिति बनी रही तो यह रिकॉर्ड भी इस बार टूट जायेगा।

- जिले में अत्यधिक गर्मी के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से फिर से विशेष ऐहतियात बरतने की अपील की

जिले में अत्यधिक गर्मी के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से फिर से विशेष ऐहतियात बरतने की अपील की है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने सभी अस्पतालों में रोगियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सैट सहित अन्य आवश्यक दवाईयां रखने के निर्देश पूर्व में दिए हैं। उन्हें एक बार फिर से अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिर दर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं।

## परिंडे बांधे और मटके रखे

**नोखा,** (कासं)। गर्मी को देखते हुए मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय ने जलसेवा की पहल की है। महाविद्यालय की रोवर व रेंजर इकाई ने स्काउट एंड गाइड प्रभारी सुमित्रा देवल के नेतृत्व में यह सेवा शुरू की है।

महाविद्यालय के रेंजर्स और रोवर्स ने पक्षियों के लिए पालसियां लगाई हैं। साथ ही आम लोगों के लिए मटके और कैम्पर में ठंडे पानी की व्यवस्था की है। इस जलसेवा में रोवर पवन छीपा, अजय गोदारा, पंकज बिश्नोई, चुन्नीलाल, पूनमचंद हुड्डा और रामदेव उपाध्याय ने योगदान दिया है। रेंजर्स में सपना छीपा, कशिश खाती और राधा ने सक्रिय भूमिका निभाई है। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह के मार्गदर्शन में यह पहल की गई है। डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. रामकिशन चौधरी, दीपा भाटी, नरेंद्र बैरवा और सुभाष बिश्नोई सहित अन्य संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों के इस सामाजिक कार्य की सराहना की है।

## 11 किलो डोडा पोस्त और 8 लाख नगद बरामद

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पदमपुर पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 किलो 316 ग्राम अवैध डोडा पोस्त व 8 लाख 28 हजार रूपए की नगदी बरामद की है।

पदमपुर थाना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार राणा ने बताया मुखबिर की सूचना पर गांव 24 बीबी सजना नगर में एक घर में छापेमारी करते हुई एक घर से एक घर से अवैध डोडा पोस्त, नगदी इलेक्ट्रोनिक कांटा पैकिंग करने वाली थैलियां और मिक्सर ग्राइंडर बरामद किया है। वहीं मौके पर मिले व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम नरेश कुमार पुत्र केवल राम उम्र 28 साल निवासी पदमपुर बताया। आरोपी के घर की तलाशी लेने के दौरान पुलिस को घर से 11 किलो 316 ग्राम अवैध डोडा पोस्त व 8 लाख 28150 की नगदी बरामद हुई।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर मामले की जांच गजसिंहपुर थानाधिकारी सिरकौर को सौंप गई है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी से प्रथमदृष्टया पूछताछ के दौरान सामने आया है कि आरोपी के पास से बरामद नगदी नशा बिक्री की राशि है। जिस पर उक्त राशि को राजसात कर लिया है। वहीं पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आरोपी के इस तस्करी के नेटवर्क में शामिल और लोगों का भी पता लगाने में जुटी है।

- आरोपी से पूछताछ के दौरान सामने आया है कि आरोपी के पास से बरामद नगदी नशा बिक्री की राशि है जिसे राजसात कर लिया है

## दो बार जमीन बेचने पर चार साल की सजा

**बीकानेर,** (कासं)। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक 12 साल पहले धोखाधड़ी से एक ही जमीन को दो बार बेचने के आरोपी को चार साल के कारावास और 2 लाख रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

तिलक नगर निवासी परिवादी रुखसाना व रइसा ने वर्ष 2013 में इस्तगासे के जरिये बीछवाल पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें बताया गया कि पूगल के जालवाली निवासी रमजान खां से 14 अगस्त, 2006 को 12.85 हेक्टेयर कृषि भूमि खरीदी थी। जमीन का नामांतरण करवाने तहसील कार्यालय गए। वहां तहसीलदार व पटवारी ने जमीन पर कोर्ट का स्टे बताकर नामांतरण करने से मना कर दिया।

- 12.85 हेक्टेयर को दो बार बेचने का मामला

परिवादीगण ने एसडीएम राजस्व न्यायालय में वर्ष, 2009 में वाद पेश किया। इस दौरान आरोपी रमजान ने अन्य व्यक्तियों के साथ साजिश कर एक फरवरी, 2013 को 12.85 हेक्टेयर जमीन को किसी अन्य को बेच दिया। कोर्ट ने इस मामले में आरोपी रमजान को दोषी मानते हुए चार साल के कारावास और 2 लाख रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड राशि में से 5000 रुपए राजकोष में जमा करवा शेष 1.95 लाख रूपए परिवादी को दी जायेगी।

## खेजड़ी की कटाई पर रोष

**बीकानेर,** (कासं)। सोलर एनर्जी के नाम पर खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई पर पर्यावरण प्रेमियों में भारी रोष बना हुआ है। अलग-अलग संगठनों ने शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन देकर खेजड़ी की कटाई रोकने और पर्यावरण को बर्बाद होने से बचाने की मांग की है।

भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष शंभूसिंह राठौड़ ने सीएम को ज्ञापन देकर कहा कि छतरगढ़, पूगल, बज्जू, कोलायत और बीकानेर तहसील क्षेत्र में बड़ी संख्या में सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं। राज्य वृक्ष खेजड़ी को काटा जा रहा है।

खेजड़ी बचाओ संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर याद दिलाया कि नागौर में 9 नवम्बर 24 की चुनावी सभा में आश्वासन दिया था कि कानून में संशोधन किया जायेगा।

## सूरतगढ़ रोड एरिया में चार दिन से नहीं आ रहा पानी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर के कई वार्डों में एलएंडटी की ओर से वाटर सप्लाई दी जा रही है। लेकिन यूआईटी, मोटर मार्केट और सूरतगढ़ रोड एरिया में चार दिन से पानी नहीं आ रहा है।

24 घंटे पानी देने का दावा करने वाली एलएंडटी की सप्लाई का कोई स्थायी समय तय नहीं है। जलदाय विभाग की ओर से पेयजल सप्लाई की जो समय सारणी जारी की जाती है। एलएंडटी उसके मुताबिक वाटर सप्लाई नहीं कर रही। परेशान लोग जब जलदाय विभाग में शिकायत करते हैं, तो वहां सुनवाई नहीं होती।

लोगों को एलएंडटी से शिकायत के लिए कहा जाता है। जबकि एलएंडटी ने अपने जिन कार्मिकों के नंबर शिकायतों के लिए लोगों को बता रखे हैं उन फोन नंबरों पर उपभोक्ताओं की कॉल ही रिसीव नहीं की जाती।

- परेशान लोग जब जलदाय विभाग में शिकायत करते हैं, तो वहां भी सुनवाई नहीं होती

वहीं आरयूआईडीपी के अधिकारी शहर में 39 में से 26 डीएमए में एलएंडटी की ओर से वाटर सप्लाई संभालने का दावा कर रहे हैं। लेकिन इन अधिकारियों के पास एलएंडटी की ओर से समय पर सप्लाई नहीं देने की शिकायतों का कोई जवाब नहीं है।

उधर जलदाय विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एलएंडटी के कार्मिक हमारी सुनते ही नहीं है। अपने हिसाब से एक साथ कई जोन में सप्लाई चालू कर देते हैं। जिससे लम्बी लाइन वाले उपभोक्ताओं को समय पर पानी नहीं मिल पाता। जबकि पीएचईडी वाले एरिया में सप्लाई बारी-बारी से दी जाती है, जिससे सभी उपभोक्ताओं तक पानी पहुंचने से परेशानी नहीं होती है।

गंगनगर में 1 अप्रैल से बंदी थी। इसके लिए जलदाय विभाग की ओर से 3 अप्रैल से आधे शहर के लिए एकांतरे सप्लाई का शेडयूल जारी किया गया। यह शेड्यूल करीब एक माह तक लागू रहा।

## ऑपरेशन सिंदूर, योग शिविर में देश के वीर सैनिकों के जज्बे को किया सैल्यूट

**बीकानेर,** (कासं)। महर्षि पतंजलि योग संस्थान द्वारा गजनेर रोड स्थित जवाहर पार्क में रविवार प्रातः 6 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑपरेशन सिन्दूर की अभूतपूर्व सफलता को समर्पित एक विशेष प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग साधकों और तीरंदाज खिलाड़ियों की संयुक्त पहल पर आयोजित इस आयोजन में शहरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

योग गुरू दीपक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक योग सत्र से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने तन-मन की शुद्धि के साथ देश के वीर सैनिकों के जज्बे को सैल्यूट किया। इसके बाद ऑपरेशन सिन्दूर की रणनीतिक सफलता पर केंद्रित एक प्रेरक प्रस्तुति दी गई, जिसमें सुरक्षा बलों की वीरता, धैर्य और समर्पण को रेखांकित किया गया।



महर्षि पतंजलि योग संस्थान द्वारा गजनेर रोड स्थित जवाहर पार्क में आयोजित योग शिविर में देश के वीर सैनिकों के जज्बे को सैल्यूट किया।

योग शिविर के संचालक नंदलाल शर्मा ने प्रमुख प्राणायाम व सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया। वरिष्ठ योग प्रशिक्षक कन्हैयालाल सुथार ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर केवल सैन्य सफलता नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और अखंडता का प्रतीक है। योग शिक्षक किशन शर्मा और मोहित स्वामी द्वारा प्रस्तुत एडवांस योग आसनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुभांगी सुथार ने कहा कि यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रतीक रहा बल्कि ऑपरेशन सिन्दूर की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरणास्त्रोत भी बना। तिरंगा लहराते हुए सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति और एकता की भावना से ओतप्रोत हो उठा। इस अवसर पर गणपतराम चौधरी, मोहित राजपुरोहित, इन्द्रचंद जाखड़, शुभांगी सुथार, मदन भाटी, भंवरी सुथार आदि मौजूद थे।

- योग शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत योग आसनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

## विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा कौशल उभरी

**बीकानेर,** (कासं)। गोपेश्वर विद्यापीठ सैकण्डरी स्कूल की विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में बच्चों के प्रतिभा कौशल को देखकर प्रत्येक विजिटर हतप्रभ हो गया। हर दर्शक ने विद्यार्थियों के कॉन्फिडेंस एवं कौशल की खुले मन से सराहना की।

वेलनेस एवं लाइफ कोच डॉ. राजकुमार भटनागर ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। भटनागर ने लगभग दो घंटे तक पूरी बारीकी से एक- एक प्रोजेक्ट एवं मॉडल का अवलोकन करने के बाद कहा कि यदि उचित मार्गदर्शन मिले तो प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा को मुखरित किया जा सकता है। यह प्रदर्शनी इस बात का जीवंत प्रमाण है कि विद्यापीठ में हर स्टूडेंट्स की हर तरह की प्रतिभा को उजागर किया जा रहा है।

डॉ. अजय कुमार शर्मा ने प्रदर्शनी के निरीक्षण के उपरान्त बहुत ही प्रफुल्लित होकर कहा कि बच्चों के नैसर्गिक गुणों को तलाश करना बेहद कठिन काम है और उससे भी कठिन काम है उन्हें तराशना। श्री गोपेश्वर विद्यापीठ में बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को तलाशने के साथ- साथ उन्हें निखारा भी जा रहा है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीरामसर की प्राचार्या संगीता टाक ने कहा कि इन विद्यार्थियों का हौंसला अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा अपने प्रोजेक्ट व मॉडल की व्याख्या तथा प्रभावी प्रस्तुतिकरण रहा।



वेलनेस एवं लाइफ कोच डॉ. राजकुमार भटनागर ने विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया।